
# भारत मंडपम में लगेगा एआई का महाकुंभ

## इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो का पीएम मोदी आज करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली, 15 फरवरी (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार शाम नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन करेंगे. प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से रविवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई.**

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के साथ-साथ 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाले इस एक्सपो को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के व्यावहारिक प्रदर्शन के राष्ट्रीय मंच के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है. यह एक ऐसा मंच है जहां नीति व्यवहार में बदलती है, नवाचार व्यापक स्तर पर लागू होता है और प्रौद्योगिकी आम लोगों से जुड़ती है.

लगभग 70,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में फैले 10 स्थानों में आयोजित होने वाला यह एक्सपो वैश्विक प्रौद्योगिकी फर्मों, स्टार्टअप, शिक्षाविदों, अनुसंधान संस्थानों, केंद्र एवं राज्य दोनों के सरकारी विभागों और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों को एक मंच पर साथ लाएगा. प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह प्रदर्शित करना है कि कृत्रिम



बुद्धिमत्ता कैसे स्वास्थ्य सेवा एवं कृषि से लेकर जलवायु कार्रवाई एवं सार्वजनिक सेवा वितरण तक के क्षेत्रों को परिवर्तित कर रही है. बयान के अनुसार, इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 विचारों एवं नवाचारों की एक जीवंत प्रयोगशाला के रूप में कार्य करेगा और यह दर्शायेगा कि राष्ट्रीय विकास के लिए एआई का उपयोग जिम्मेदारीपूर्वक एवं समावेशी रूप से कैसे किया जा सकता है.

### स्टार्टअप क्षेत्रों में अत्याधुनिक नवाचार का प्रतिनिधित्व

इस एक्सपो में 13 देशों के पवेलियन होंगे, जो एआई पारिस्थितिकी तंत्र में बढ़ते अंतरराष्ट्रीय सहयोग को दर्शाते हैं. इसमें शामिल होने वाले देशों में ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, स्विट्जरलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान और कई अफ्रीकी भागीदार शामिल हैं. इसके अलावा, 600 से अधिक उच्च क्षमता वाले स्टार्टअप समाधान प्रस्तुत करेंगे, जिनमें से कई पहले से ही बड़े पैमाने पर उपयोग में लाए जा रहे हैं. आयोजकों ने कहा कि ये स्टार्टअप विभिन्न क्षेत्रों में अत्याधुनिक नवाचार का प्रतिनिधित्व करते हैं और भारत में एआई उद्यमिता के बढ़ते परिदृश्य को दर्शाते हैं.

### भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष का उद्घाटन कल

**नई दिल्ली.** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों अगले सप्ताह तीन दिवसीय भारत दौरे पर आएंगे. इस दौरान वे एआई इम्पैक्ट सम्मेलन में भाग लेंगे और व्यापार, रक्षा समेत अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे. जानकारी के मुताबिक, उनकी यात्रा 17 फरवरी को मुंबई से शुरू होगी, जहां दोनों नेता भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष का उद्घाटन करेंगे और द्विपक्षीय वार्ता करेंगे. विदेश मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार, इस दौरे के दौरान दोनों नेता होराइजन 2047 रोडमैप में निर्धारित क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे. उल्लेखनीय यह भी है कि जुलाई 2023 में पेरिस में हुई वार्ता के बाद यह रोडमैप जारी किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत और फ्रांस के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को और मजबूत बनाना है.


## छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष कोडीन युक्त सिरप तस्करी में गिरफ्तार

**वाराणसी.** उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने नशे के रूप में प्रयोग होने वाले फेन्सेडिल कफ सिरप और कोडीन युक्त अन्य दवाओं के अवैध भंडारण और व्यापार में लिप्त हरिश्चंद्र स्नातकोत्तर कॉलेज छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि काशीधाम हरहुआ रिंग रोड पर गिरफ्तार अभियुक्त के पास से पैन, आधार, मोबाइल सहित 5120 रुपये एसटीएफ ने बरामद किए हैं। एक दिन पूर्व शनिवार को गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अमित कुमार निवासी बड़ा गणेश मंदिर, मैदागिन, थाना कोतवाली वाराणसी के रूप में हुई है.

## समाज को जोड़ने से ही देश मजबूत होगा : भागवत

**गोरखपुर, 15 फरवरी. भारत स्वार्थ नहीं देखता, संकट में पूरी दुनिया की सहायता करता है, इसलिए भारत सद्भावना का केंद्र है, यह कहना है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का। उन्होंने यह बात गोरखपुर में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सामाजिक सद्भाव बैठक को संबोधित करते हुए कही.**



संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर गोरखपुर स्थित तारामंडल के बाबा गम्भीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित इस बैठक में विभिन्न जाति, समाज और पंथों के प्रमुख एवं प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सरसंघचालक ने कहा कि समाज वही है, जिसमें परस्पर जुड़ाव हो। यदि समाज में सद्भावना नहीं होगी तो केवल कानून और पुलिस के सहारे समाज नहीं चल सकता.

डॉ. भागवत ने कहा कि संघ के 100 वर्ष पूरे होना उत्सव नहीं, बल्कि आत्मचिंतन का अवसर है। उन्होंने आग्रह किया कि ब्लॉक स्तर पर वर्ष में नियमित रूप से सामाजिक बैठकें आयोजित हों। उन्होंने कहा कि अपनी जाति और समाज की चिंता करना अच्छी बात है, लेकिन यह भी ध्यान रखना चाहिए कि हम एक बड़े हिंदू समाज का हिस्सा हैं और उसके लिए क्या कर रहे हैं, इस पर भी विचार आवश्यक है। उन्होंने भारतीय संस्कृति की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में मनुष्य-मनुष्य का संबंध सौदे का नहीं, बल्कि अपनेपन का है.

## पंजाबी अभिनेत्री हिमांशी खुराना को मिला 10 करोड़ रुपये की फिरौती का कॉल

**मुंबई, 14 फरवरी.** पंजाबी फिल्म अभिनेत्री हिमांशी खुराना को शनिवार को धमकी भरा फोन कर 10 करोड़ रुपये की मांग की गयी है। इस घटना के बाद मुंबई पुलिस सक्रिय हो गयी है। सूत्रों के अनुसार, फोन करने वाले ने अभिनेत्री से बतौर फिरौती 10 करोड़ रुपये मांगे हैं। फिरौती मांगने वाले में गैंगस्टर जीशान अख्तर का नाम आ रहा है, जिसका नाम बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में भी वांछित आरोपी के रूप में सामने आ चुका है। जांचकर्ता इस बात की पड़ताल कर रहे हैं कि क्या यह धमकी चल रही आपराधिक प्रतिद्वंद्विता से जुड़ी है। हिमांशी खुराना को पंजाबी फिल्म %साडा हक में उनकी मुख्य भूमिका के लिए जाना जाता है, जिससे उन्हें फिल्म उद्योग में काफी पहचान मिली। जांच से जुड़े सूत्रों ने संकेत दिया है कि जीशान अख्तर को गोल्डी बरार और रोहित गोदारा के प्रतिद्वंद्वी गिरोह से जुड़ा माना जाता है। यह समूह लॉरेंस बिश्नोई के नेतृत्व वाले गिरोह का विरोधी बताया जाता है.

### एक नजर में



### समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे ओम बिरला

**नई दिल्ली.** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मंगलवार को ढाका में बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी के प्रमुख तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बंगलादेश की नव निर्वाचित सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक वक्तव्य जारी कर यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा है कि इस महत्वपूर्ण अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष की उपस्थिति भारत और बंगलादेश के लोगों के बीच गहरी और पक्की मित्रता को दिखाती है। यह दोनों देशों को जोड़ने वाले लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति भारत की दृढ़ वचनबद्धता को भी बताता है। वक्तव्य में कहा गया है कि एक जैसे इतिहास, संस्कृति और आपसी सम्मान से जुड़े पड़ोसियों के तौर पर, भारत श्री रहमान के नेतृत्व में बंगलादेश में चुनी हुई सरकार का स्वागत करता है.

### स्वास्थ्य के चलते इमरान खान अस्पताल में भर्ती

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और प्रधानमंत्री इमरान ख़ान को स्वास्थ्य चिंताओं के बीच अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। एक सरकारी मंत्री तारीक फजल चौधरी ने एक्स पर कहा, उनके स्वास्थ्य को देखते हुए उन्हें मेडिकल बोर्ड से अस्पताल में शिफ़्ट करने का फ़ैसला किया गया है। यह फ़ैसला विपक्ष द्वारा लगतारा पाकिस्तानी सरकार पर बनाए जा रहे दबाव के बीच लिया गया है। इमरान की सेहत को लेकर दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम और वक़ार यूनिस ने भी आवाज उठाई थी। दोनों पूर्व क्रिकेटरों ने मांग की है कि जेल में बंद इमरान को बेहतर मेडिकल ट्रीटमेंट मुहैया कराया जाए। ख़बरों के मुताबिक, 73 साल के इमरान की दाईं आंख की रोशनी का बड़ा हिस्सा चला गया है.

### इजरायल के हमलों में नौ फिलिस्तीनियों की मौत

**गाज़ा.** उत्तरी एवं दक्षिणी गाज़ा में विस्थापित लोगों के टेंट पर रविवार सुबह इजरायल के हवाई हमलों में कम से कम नौ लोगों की जान चली गयी, जबकि कई अन्य घायल हो गये। गाज़ा में नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बासल ने बताया कि इजरायल के लड़ाकू विमानों ने दक्षिणी गाज़ा के खान यूनिस और उत्तर में जबलिया शिविर में रविवार तड़के कई हमले किये, जिसमें नौ लोगों ने अपनी जान गंवाई। श्री बासल ने कहा कि खान यूनिस के पश्चिम में हुए हमले में 20-30 साल के बीच की उम्र के पांच लोगों की मौत हुई। इसके अलावा जबलिया शरणार्थी शिविर के पश्चिम में इजरायली हवाई हमले में जहां चार लोगों की मौत हुई, वहीं तीन लोग घायल हुए। एक रिपोर्ट में स्थानीय सूत्रों और चश्मदीद गवाहों के हवाले से कहा गया कि इजरायली सेना ने जबलिया शिविर के उत्तर में बड़े पैमाने पर रिहायशी इमारतों पर बुल्डोज़र चलाया.

### स्टेशन से जुड़ा स्पेस-एक्स एक्स का ड्रैगन अंतरिक्ष यान

**लॉस एंजिल्स.** नासा के क्रू-12 मिशन के लिए चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर गया स्पेस-एक्स का ड्रैगन अंतरिक्ष यान स्वचालित रूप से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से जुड़ गया है। यह अंतरिक्ष यान शुक्रवार सुबह 5ः15 बजे (पूर्वी समयानुसार) अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से फाल्कन-9 रॉकेट के माध्यम से प्रक्षेपित हुआ था। यह शनिवार दोपहर लगभग 3-15 बजे (पूर्वी समयानुसार) आईएसएस के हार्मनी मॉड्यूल के स्पेस-फेसिंग पोर्ट से जुड़ गया। चार सदस्यीय दल में नासा की अंतरिक्ष यात्री जेसिका मीर और जैक हैथवे, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) की अंतरिक्ष यात्री सोफी एडेनोट और रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस के कॉस्मोनॉट आंद्रेई फेद्यायेव शामिल हैं। नासा के अनुसार, लगभग आठ महीने के इस मिशन के दौरान क्रू-12 वैज्ञानिक अनुसंधान करेगा.

## सीएम योगी ने की सुखमय जीवन की प्रार्थना

**गोरखपुर 15 फरवरी. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज देवाधिदेव महादेव भोले शंकर की उपासना के पावन पर्व के महाशिवरात्रि पर रविवार को गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की.**

मुख्यमंत्री ने रविवार को जनता दर्शन के बाद गोरखनाथ मंदिर परिसर में मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में भगवान भोले शंकर का दुग्ध, दही, घी, मधु और शर्करा से पंच स्नान कराया.



### योगी सरकार के प्रयासों से रोग नियंत्रण में सफलता

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश सरकार ने संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। डेंगू, मलेरिया और एईएस/जेई जैसे गंभीर रोगों की निगरानी, जांच और उपचार व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए सरकार ने मृत्यु दर में ऐतिहासिक कमी दर्ज की है.

### आज का इतिहास

1759- मद्रास पर फ्रांस का कब्जा समाप्त।

1896- हिंदी साहित्य के सशक्त हस्ताक्षर सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का जन्म।

1922- मिस्र में तूतेनखामेन के मकबरे का दरवाजा खोला गया।

1937- अमेरिका के वैज्ञानिक वालेस कैरोदर्स को नायलान का पेटेंट मिला। इसका इस्तेमाल शुरू में टूथब्रश बनाने के लिए किया गया था।

1938- प्रख्यात बांग्ला साहित्यकार शरतचंद्र चट्टोपाध्याय का निधन।

## अमेरिका के कैलिफोर्निया में मृत पाया गया भारतीय छात्र

**वाशिंगटन, 15 फरवरी (वार्ता) छह दिनों से लापता भारतीय छात्र साकेत श्रीनिवासैया (22) अमेरिका के कैलिफोर्निया में मृत पाया गया है। श्रीनिवासैया बर्कले के कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में केमिकल और बायोमॉलिक्यूलर इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था। वह नौ फरवरी से लापता था.**

बयान कहा गया है, परिवार को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए दूतावास तैयार है। इसमें स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय और पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत भेजने की व्यवस्था शामिल है। हमारे अधिकारी परिवार के सीधे संपर्क में हैं और सभी आवश्यक औपचारिकताओं और सेवाओं में उनका सहयोग करेंगे। साकेत को आखिरी बार परिसर से लगभग एक किलोमीटर दूर देखा गया था, जिसके बाद %लेक अंजा% और %बर्कले हिल्स% के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया गया था। श्रीनिवासैया के रूममेट बनीत सिंह ने भी सोशल मीडिया पर उसके बारे में जानकारी मांगी थी। टिल्डेन रीजनल पार्क के करीब उसका बैग मिला था.

## एआई इम्पैक्ट समिट के मद्देनजर विस्तृत ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

**नई दिल्ली, 15 फरवरी. दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार से शुरू हो रहे एआई इम्पैक्ट समिट के मद्देनजर विस्तृत ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। प्रगति मैदान के भारत मंडपम में 16 से 20 फरवरी तक पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय आयोजन होगा.**

जिसमें विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष, मंत्री, वरिष्ठ प्रतिनिधि और प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के नेता भाग लेंगे। कार्यक्रम की उच्च-स्तरीय प्रकृति को देखते हुए आयोजन स्थल और आसपास के क्षेत्रों में यातायात को नियंत्रित रखने की व्यवस्था की गई है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि आम जनता की सुरक्षा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए व्यापक ट्रैफिक प्रबंधन उपाय लागू किए जाएंगे। नई दिल्ली जिले और आसपास के क्षेत्रों में देखा जाएगा, ताकि यातायात सुचारु रहे और यात्रियों को न्यूनतम असुविधा हो। एडवाइजरी के अनुसार, चिकित्सा आपातकालीन वाहनों सहित आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता के आधार पर निर्बाध आवागमन की अनुमति होगी। मथुरा रोड पर सुब्रमण्यम भारती मार्ग टी-पॉइंट से डॉ. दिनेश नंदिनी डालमिया चौक तक के हिस्से को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है.

## महादेव की दिव्य ऊर्जा से मन को मिलती शांति : केजरीवाल

**महाशिवरात्रि पर भगवंत मान संग किया दर्शन**

**नई दिल्ली, 15 फरवरी.** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने पंजाब के धुरी स्थित श्री रणकेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी उनके साथ मौजूद रहे। केजरीवाल ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर देश और पंजाब की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवंत मान के साथ धुरी स्थित श्री रणकेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि महादेव की दिव्य ऊर्जा मन को शांति और नई शक्ति प्रदान करती है। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। धुरी स्थित रणकेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया.



अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान ने विधिवत भगवान शिव का जलाभिषेक और आरती की। मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। अरविंद केजरीवाल ने इस अवसर पर कहा कि महाशिवरात्रि केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की कृपा से देश और पंजाब निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहें। उन्होंने भगवंत मान का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके साथ इस पावन स्थल पर पूजा-अर्चना करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए संदेश में केजरीवाल ने लिखा कि महादेव की दिव्य ऊर्जा मन को शांति और नई शक्ति देती है.

## धार्मिक नगरी काशी में निकली महादेव की भव्य बारात

**वाराणसी, 15 फरवरी.** धार्मिक नगरी काशी में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर चारों ओर उत्सव का माहौल छाया हुआ है। इस पर्व पर काशी के तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर से निकलने वाली शिव बारात में शामिल होने के लिए काशीवासियों के साथ-साथ देश-विदेश से भक्त बड़ी संख्या में पहुंचे हैं। प्राचीन परंपरा के अनुसार शिव बारात ने इस बार भी अपनी चमक बिखेरी। भगवान भोलेनाथ के विवाह के अवसर पर पूरी काशी शिवमय हो उठी.



शहर के विभिन्न शिवालयों से निकलने वाली शिव बारातों में इस बार विशेष आकर्षण रहे वे भक्त, जो देवी-देवताओं के रूप धारण कर बारात में शामिल हुए। साथ ही झूमते-गाते भूत-प्रेत भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। शिव बारात समिति के विनोद यादव ने बताया कि काशी की यह बारात दशकों पुरानी परंपरा का निर्वहन करती है.

विवाह से जुड़ी हर रस्म को महिलाएं और पुरुष मिलकर पूरा करते हैं। बैंड-बाजों के साथ निकलने वाली महादेव की इस बारात में भूत-प्रेतों के साथ-साथ देवी-देवता भी शामिल होते हैं। स्थानीय निवासी कपिल सोनकर ने बताया कि शिव बारात में भूत-प्रेत, दानव-असुर, अड़भंगी, साधु-सन्यासी तथा देवी-देवताओं के स्वरूप में बाराती शामिल होते हैं.

## सिरसागंज में निर्माणाधीन आर्य गुरुकुल म्यूजियम 80 फीसदी तैयार

**लखनऊ/आगरा, 15 फरवरी. उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले के सिरसागंज में निर्माणाधीन आर्य गुरुकुल म्यूजियम का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है.**

24.45 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह उत्तर भारत का पहला आधुनिक आर्य गुरुकुल म्यूजियम नई तकनीकों से सुसज्जित होगा, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने समीक्षा बैठक में परियोजना को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने बताया कि संग्रहालय में इमर्सिव लर्निंग, विजुअल स्टोरीटेलिंग और इंटरैक्टिव डिस्प्ले के माध्यम से आर्य समाज के इतिहास और विचारधारा को प्रस्तुत किया जाएगा।


**भारतीय खाद्य निगम**
**Food Corporation of India**
ज़ोनल स्पोर्ट्स प्रमोशन कमिटी (ई-मेल: zspcwz@fci.gov.in)
आंचलिक कार्यालय (पश्चिम), भा. खा. नि., राजेन्द्र नगर, दत्तपाडा रोड, बोरिवली (पूर्व), मुंबई-400066

**नोटिस**

भारतीय खाद्य निगम, आंचलिक कार्यालय (पश्चिम अंचल) बैडमिंटन, क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स और टेबल टेनिस में 15-24 वर्ष की आयु वर्ग (दिनांक 01.04.2026 तक) के मेधावी स्टाइपेंड खिलाड़ियों से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रीमियर और एलीट श्रेणी में छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है, जिसकी आवेदन करने की अंतिम तिथि 24.02.2026 है|

**अधिक जानकारी के लिए कृपया देखें:**
https://fci.gov.in/zone/admin/storage/ckeditor/Ad_Stipend_1768801736.pdf



## त्यौहार

**महाशिवरात्रि हिंदू परंपरा के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक**

# मोदी ने महाशिवरात्रि पर देशवासियों को बधाई दी

**नई दिल्ली, 15 फरवरी. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को महाशिवरात्रि के मौके पर देश भर के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और शांति, खुशहाली और सबके भले के लिए आदि देव महादेव का आशीर्वाद मांगा.**

मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, देश भर में मेरे परिवार के सदस्यों को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं। मैं प्रार्थना करता हूं कि आदि देव महादेव हमेशा सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें. उनके आशीर्वाद से सभी का भला हो और हमारा भारत खुशहाली के शिखर पर



पहुंचे। हर हर महादेव! महाशिवरात्रि हिंदू परंपरा के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है और यह भगवान शिव को समर्पित है मंदिरों में उपवास, रात भर की प्रार्थना और खास रस्मों के साथ मनाया जाता है। भक्त शिव मंदिरों में इकट्ठा होते हैं, शिवलिंग पर दूध और बिल्व पत्र चढ़ाते हैं, और भोलेनाथ भजन गाते हैं. प्रधानमंत्री का संदेश सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। कई लोगों ने 'हर हर महादेव' लिख कर उनकी शुभकामनाओं का जवाब दिया और भारत के अलग-अलग हिस्सों से त्योहारों की तस्वीरें शेयर कीं। महाशिवरात्रि के मौके पर कई राज्यों में जुलूस और धार्मिक सभाएं होती हैं, जो भारत के अलग-अलग तरह के सामाजिक ताने-बाने में इस त्योहार की गहरी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक अहमियत को दर्शाता है.

### खड़गे, राहुल, प्रियंका ने दी महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली,** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने महाशिवरात्रि पर्व पर आज देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं और सबकी समृद्धि की मंगल कामना की है। श्री खरगे ने अपने संदेश में कहा-समस्त देशवासियों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ। देवाधिदेव महादेव का आशीर्वाद सभी पर बना रहे.

## राम मंदिर का वैभव सात समंदर पार

### 20 फरवरी को मॉस्को में होगी भव्य रामलीला

**लखनऊ, 15 फरवरी. अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राम मंदिर से जुड़े विकास कार्यों और दीपोत्सव जैसे भव्य आयोजनों की गूंज अब सात समंदर पार तक पहुंच गई है.**

इसी सांस्कृतिक प्रेरणा के तहत रूस की राजधानी मॉस्को में 20 फरवरी को भव्य रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन भारतङ्करूस सांस्कृतिक संबंधों के नए अध्याय के रूप में देखा जा रहा है। रूस में भारत के दूतावास और जवाहरलाल नेहरू सांस्कृतिक केंद्र (जेएनसीसी) के सहयोग से आयोजित इस रामलीला में रूसी कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। राम की भूमिका एवगेनी, सीता का किरदार दारिया, लक्ष्मण की भूमिका मुरात और हनुमान के रूप में दिमित्री मंच पर भारतीय आस्था की सजीव प्रस्तुति देंगे। भव्य मंच सज्जा, पारंपरिक वेशभूषा और संगीत के माध्यम से रामकथा को जीवंत किया जाएगा.

इस आयोजन की मुख्य संचालक रूसी-भारतीय मैत्री संस्था 'दिशा' है, जो डॉ. रामेश्वर सिंह के नेतृत्व में वर्षों से दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक सेतु का कार्य कर रही है। आयोजकों के अनुसार रामलीला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सत्य, मर्यादा और आदर्श जीवन का सार्वभौमिक संदेश देती है.


**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**RESERVE BANK OF INDIA**
www.rbi.org.in

**सहायक की भर्ती - 2025**

भारतीय रिज़र्व बैंक अपने विभिन्न कार्यालयों में सहायक के 650 पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। इस पद के लिए चयन दो चरणों में आयोजित होने वाली देशव्यापी केंद्र-वार ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा और भाषा दक्षता परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। सम्पूर्ण विज्ञापन बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर फ़रवरी 2026 के तीसरे सप्ताह में उपलब्ध होगा और इसे एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ / रोज़गार समाचार में भी प्रकाशित किया जा रहा है। आवेदन पत्र बैंक की वेबसाइट के माध्यम से केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे।

**महत्वपूर्ण तारीखें:**

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने और परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अवधि | 16 फरवरी 2026 – 08 मार्च 2026 |
| ऑनलाइन प्रारंभिक परीक्षा की तारीख (अनंतिम) | 11 अप्रैल 2026 |
| ऑनलाइन मुख्य परीक्षा की तारीख (अनंतिम) | 07 जून 2026 |

"पैसे का वादा करने वाले ई-मेल / एसएमएस / टेलीफोन द्वारा धोखा न खाएं"